प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज से तीन दिन के जैसलमेर दौरे पर–सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

- बारां के अन्ता विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज जांच की जायेगी।

- दीपोत्सव के तहत आज भाईदूज का पर्व परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है।

- आई.सी.सी. महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में आज भारत का सामना न्यूज़ीलैंड से।

00000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज से तीन दिन के जैसलमेर दौरे पर रहेंगे। श्री सिंह सैन्य कमांडरों के सम्मेलन मे शिरकत करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार यह सम्मेलन जैसलमेर में हो रहा है। बैठक में वरिष्ठ सैन्य कमांडर भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों पर विचार–विमर्श करेंगे और सेना की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। रक्षा मंत्री कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

.....

रक्षा सूत्रों के अनुसार सम्मेलन में सेना प्रमुख और वरिष्ठ कमांडर देश की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था, आधुनिक युद्ध रणनीति और रक्षा प्रचालन में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर विचार करेंगे। दौरे के दूसरे दिन रक्षा मंत्री लोंगेवाला सीमा चौकी जाएंगे और 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

00000

बारां के अन्ता विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज जांच की जायेगी। इस उप चुनाव के लिए 21 प्रत्याशियों ने 32 नामांकन पत्र भरे है। 27 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकते है। इस बीच निर्वाचन विभाग की ओर से उप चुनाव की तैयारियां की जा रही है। चुनाव के लिए नियुक्त किये गये व्यय पर्यवेक्षक मुकेश राठौड ने प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने चुनाव खर्च की सीमा सहित अन्य कानूनी प्रावधानों का पालन करने पर जोर दिया। वहीं नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की तैयारियों को लेकर कल से सम्मेलन शुरू हुआ। इसमें सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भाग ले रहे है।

0000

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि सीपीआर जागरूकता सप्ताह के दौरान देश भर में 6 लाख 6 हज़ार से ज़्यादा प्रतिभागियों को सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया। मंत्रालय ने व्यापक भागीदारी और जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए पूरे सप्ताह कई गतिविधियाँ आयोजित की। लगभग 79 हज़ार लोगों ने माई गोव प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से डिजिटल प्रतिज्ञा ली। लोगों को डिजिटल रूप से जोड़ने के लिए माई गोव और माई भारत प्लेटफ़ॉर्म पर सीपीआर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। इसमें 36 हज़ार से ज़्यादा लोग शामिल हुए। मंत्रालय ने बताया कि सप्ताह के दौरान करीब साढे सात लाख से अधिक लोगों ने मल्टी–मॉडल सीपीआर जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया।

**0000**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों की सड़क सूची और फुटपाथ की स्थिति के आंकड़ों के विश्लेषण के लिए 23 राज्यों में नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन तैनात करेगा। इन वाहनों की तैनाती से करीब 21 हजार किलोमीटर क्षेत्र में प्राधिकरण को आवश्यक आंकड़े इकट्ठा करने में मदद मिलेगी। इसमें सतह की दरारें और गड्ढो का सर्वे शामिल हैं। ये सर्वेक्षण 3डी लेजर–आधारित वाहन प्रणाली से किए जाएंगे। ये बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सड़क की कमियों को स्वचालित रूप से पता लगाने

और रिपोर्ट करने में सक्षम है। मंत्रालय ने कहा कि इकट्ठे किए गए सभी आंकड़ों को प्राधिकरण के एआई–आधारित पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000

दीपोत्सव के तहत आज भाईदूज का पर्व परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश वासियों को भाई बहन के अटूट स्नेह विश्वास और समर्पण के प्रतीक इस पर्व की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश मे प्रार्थना की कि ये पर्व सभी के जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली का संचार करे। प्रदेशभर में भाई दूज का उल्लास है।

.....

0000

भाई दूज के पावन अवसर पर पवित्र तीर्थस्थल केदारनाथ धाम के कपाट आज से शीतकाल के लिए बंद हो गए है। यमुनोत्री धाम के कपाट भी आज ही श्रद्धालुओं के लिए बंद किये जायेंगे। इससे पहले कल गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। वहीं सीकर के खाटूश्याम मंदिर में 27 अक्टूबर को श्रद्धालु मंदिर में दर्शन नहीं कर पायेंगे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष के अनुसार 26 अक्टूबर को रात 10 बजे से अगले दिन 5 बजे तक भगवान की विशेष सेवा पूजा और तिलक श्रंगार के चलते दर्शन बंद रहेंगे।

0000

पाली जिले के चोटिला में हजरत शहीद पीर दुल्हे शाह दरगाह का सालाना उर्स मेला भर रहा है। मेले में रस्सा–कसी, दौड़, और साफा बांधो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। मेले के दूसरे दिन कल कव्वाली का आयोजन हुआ।

0000

हाल ही में किये गए जीएसटी सुधारों का आमलोगों के साथ–साथ किसानों को भी बहुत फायदा हुआ है। हनुमानगढ़ के किसान नंद लाल बेरड ने जीएसटी दरों में हुई कटौती के बाद ट्रेक्टर और अन्य कृषि उपकरण खरीदे, जिससे उन्हें बहुत लाभ पंहुचा है। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

....

0000

आई.सी.सी. महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में आज भारत का सामना न्यूज़ीलैंड से होगा। मैच नवी मुम्बई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा। यह मैच दोनों टीमों के लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। इससे पहले कल रात इंदौर में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को छह विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी हैं।

0000

मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित एशिया पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ के विश्वेंद्र सिंह ने रजत पदक जीता है। उन्होंने योग कौशल का प्रदर्शन कर एशिया में दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आठ देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतियोगिता 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित की गई।

0000

राज्य में अधिकांश हिस्सों में रात के समय मामूली ठंडक महसूस की जा रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रात का तापमान 17 से 20 डिग्री सैल्सियस के बीच बना हुआ है। कल सबसे कम 15 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। इस बीच दिन के समय गर्मी का एहसास बना हुआ है। दिन का पारा 32 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। विभाग ने आगामी दिनों में रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई हैं।

0000